## पेज 40

**प्रश्न 1:**

परमाणु द्रव्यमान इकाई को परिभाषित कीजिए।

**उत्तर 1:**

परमाणु द्रव्यमान इकाई

कार्बन – 12 समस्थानिक के एक परमाणु द्रव्यमान के 1/12वें भाग को मानक परमाणु द्रव्यमान इकाई कहते हैं।

**प्रश्न 2:**

एक परमाणु को आँखों द्वारा देखना क्यों संभव नहीं होता है?

**उत्तर 2:**

परमाणु बहुत छोटे होते हैं। ये किसी भी छोटी वस्तु, जिसकी हम कल्पना या तुलना कर सकते हैं, से भी छोटे होते हैं। इसलिए एक परमाणु को आँखों द्वारा देखना संभव नहीं होता है।

जैसे:

हाइड्रोजन के परमाणु की त्रिज्या $10^{-10}$ m होती है।